Title: Re: Refund of money to the Sahara Group investors by SEBI.

श्री विजय बघेल (दुर्ग) : सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर सहारा ने सेबी के खाते में 24000 करोड़ रूपये से अधिक राशि जमा की है जिसमें से सेबी द्वारा निवेशकों को लगभग मात्र 129 करोड़ रूपये का ही भुगतान विगत 8-10 वर्षों में किया गया है। सहारा कंपनी में देश भर के लगभग 10 करोड़ जमाकर्ता व 12 लाख कर्मचारी इस मामले में प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित हैं।

अतः मैं माननीय वित्त मंत्री जी से निवेदन करता हूँ कि जल्द से जल्द सहारा सेबी के मामले को सुलझाने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करने की कृपया करें।